हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 06 जनवरी 2026, समय 13:05(5 मिनट)

इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि पिछले ग्यारह वर्ष में देश में इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादन छह गुना और निर्यात आठ गुना बढ़ गया है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में श्री वैष्णव ने कहा कि एप्पल ने वर्ष 2025 में 50 अरब डॉलर मूल्य के मोबाइल फोन निर्यात किए। उन्होंने कहा कि इस प्रगति से इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पाद शीर्ष तीन निर्यातित वस्तुओं में शामिल हो गए हैं। श्री वैष्णव ने कहा कि चार सेमीकंडक्टर संयंत्रों में इस वर्ष वाणिज्यिक उत्पादन शुरू हो जाएगा। उन्होंने कहा कि इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण में इस समय 25 लाख रोजगार हैं। उन्होंने कहा कि भारत डिजाइन, विनिर्माण, संचालन प्रणाली, अनुप्रयोग, सामग्री और उपकरण सहित संपूर्ण इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र में एक प्रमुख उत्पादक देश बन जाएगा।

****

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में कल चंडीगढ़ में उच्चाधिकार प्राप्त क्रय समिति और उच्चाधिकार प्राप्त निर्माण कार्य एवं सेवा क्रय समिति की एक बैठक हुई।

उच्चाधिकार प्राप्त क्रय समिति की बैठक में लगभग 133 करोड़ 47 लाख रुपये की अनुमानित लागत वाले कुल 5 निविदाओं पर विचार किया गया। इनमें से एक परियोजना की फिर से निविदा मांगने का आदेश दिया गया। 123 करोड़13 लाख रुपयों की अनुमानित लागत वाली शेष निविदाओं के लिए, बोली लगाने वालों के साथ विस्तार से बातचीत के बाद इन कामों की अंतिम लागत लगभग 105 करोड़ रुपये 4 लाख रुपए तय की गई। इस तरह राज्य सरकार ने लगभग 18 करोड़ 9 लाख रुपये की बचत सुनिश्चित की।

इसी तरह, उच्चाधिकार प्राप्त निर्माण कार्य एवं सेवा क्रय समिति की बैठक में लगभग 491 करोड़ 530 लाख रुपये की अनुमानित लागत वाली कुल 11 निविदाओं पर विचार किया गया। इनमें से तीन निविदाओं को स्थगित करने की मंज़ूरी दी गई। बोली लगाने वालों के साथ विस्तार से बातचीत के बाद बाकी के कामों का अंतिम मूल्य लगभग 389 करोड़ 66 लाख रुपये तय किया गया, जिनकी अनुमानित लागत लगभग 412 करोड़ 19 लाख रुपये थी। इस तरह सरकार को लगभग 22 करोड़ 53 लाख रुपये की बचत हुई। दोनों बैठकों में कुल 40 करोड़ 42 लाख रुपये की बचत हुई।

समिति ने हरियाणा राज्यव्यापी नेटवर्क विस्तार योजना के तहत राज्य, जिला और खंड नेटवर्क प्रबंधन केंद्रों के लिए पुराने यूपीएस और बैटरी की वापस खरीद के तहत ऑनलाइन यूपीएस सिस्टम और बैटरी की आपूर्ति और स्थापना के प्रस्ताव को मंज़ूरी दी ।

इसके अलावा जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के पानी को कीटाणुरहित करने के लिए इस्तेमाल होने वाले आवश्यक रसायन आईएसआई चिन्ह वाले तरल सोडियम हाइपोक्लोराइड की आपूर्ति के लिए वार्षिक मूल्य अनुबंध की व्यवस्था करने के प्रस्ताव को भी मंज़ूरी दी गई।

नूंह जिले के लिए एक बड़े निर्णय के तहत, कमेटी ने पुराने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के परिसर में 100 बेड वाले नए जिला अस्पताल के निर्माण को भी मंज़ूरी दी गई।

अन्य फैसलों में अंबाला, हिसार, भिवानी, फरीदाबाद, पलवल, रेवाड़ी, रोहतक और पंचकूला क्षेत्रों में 220 किलो वोल्ट, 132 किलो वोल्ट और 66 किलो वोल्ट ट्रांसमिशन लाइन का निर्माण शामिल है।

****

शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कल नई दिल्ली में **खुतबातें-मोदी – लाल किला की फसील से** नामक पुस्तक का विमोचन किया। यह पुस्तक वर्ष 2014 से 2025 तक प्रधानमंत्री मोदी के स्वतंत्रता दिवस समारोहों पर दिए गए भाषणों का संकलन है। श्री प्रधान ने कहा कि इन भाषणों में सबका साथ, सबका विकास और सबका प्रयास के सिद्धांत पर आधारित प्रधानमंत्री मोदी की कार्यशैली का प्रमुखता से वर्णन है।

****

हरियाणा 23,850 हेक्टेयर जल क्षेत्र से कुल 2 लाख 4 हजार मीट्रिक टन मछली उत्पादन के साथ देश के प्रमुख भूमि-आबद्ध मछली उत्पादक राज्यों में शामिल हो गया है।

हैदराबाद में आयोजित राष्ट्रीय स्तर के मत्स्य पालन सम्मेलन में यह जानकारी देते हुए मत्स्य पालन मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि भूमि-आबद्ध राज्यों में पंजाब मछली उत्पादन में प्रथम स्थान पर है, जबकि हरियाणा दूसरे स्थान पर है।

उन्होंने कहा कि हरियाणा जैसे भूमि-आबद्ध राज्य तालाब-आधारित और अंतर्देशीय जल मत्स्य पालन के माध्यम से भारत के कुल मत्स्य उत्पादन में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं, लेकिन तटीय राज्यों की तुलना में इन्हें कम वित्तीय सहायता मिलती है, जिसका सीधा असर मछली पालकों और राज्य के कुल घरेलू उत्पाद पर पड़ता है।

मंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार से मछली बीज प्रबंधन के लिए राष्ट्रीय दिशा निर्देश और योजनाएं जारी करने का आग्रह किया ताकि सभी राज्यों में गुणवत्ता वाले बीज की एकसमान उपलब्धता सुनिश्चित हो सके।श्री श्याम सिंह राणा ने केंद्र सरकार के समक्ष कई प्रस्ताव रखे, जिनमें फरीदाबाद, गुरुग्राम, हिसार, यमुनानगर और पंचकूला में आधुनिक थोक मछली बाजार स्थापित करना शामिल है।

****